**खबर संक्षेप**

## गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी पर हंगामा

**मध्य भारत मोर्चा ने जताई आपत्ति,सरकार से की राहत की मांग**



**सतना।** मध्य भारत मोर्चा के जिला अध्यक्ष जसविंदर सिंह भाटिया बब्बल ने रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में 60 रुपए की बढ़ोतरी पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि महंगाई के इस दौर में गैस सिलेंडर की कीमतें बढ़ाना आम जनता के साथ धोखा है। भाटिया ने कहा कि सरकार के इस निर्णय से महिलाओं का बजट बिगड़ गया है और उनमें भारी नाराजगी है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस गंभीर मसले पर ध्यान देकर लोगों को राहत देने का कार्य करें।

## बदेरा पुलिस पर मारपीट का आरोप निकला झूठा,थाना प्रभारी ने दी सफाई

**मैहर।** सोशल मीडिया पर बदेरा पुलिस द्वारा ग्राम आमातारा निवासी रामभगत चौधरी के साथ मारपीट किए जाने की खबरें पूरी तरह निराधार पाई गई हैं। थाना प्रभारी द्वारा जारी स्पष्टीकरण के अनुसार,10 मार्च को सोशल मीडिया के माध्यम से इस कथित घटना की जानकारी मिली थी,जिसकी जांच करने पर तथ्य कुछ और ही निकले। जांच में पाया गया कि 3 मार्च की रात कुड़वा मोड़ पर कुछ लोग अवैध रूप से शराब पी रहे थे। पुलिस पेट्रोलिंग टीम को देखते ही वे लोग भाग निकले,जिनमें संभवतः रामभगत भी शामिल था। पुलिस का कहना है कि न तो कोई मारपीट हुई है और न ही पीड़ित ने थाने में कोई शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार,संबंधित व्यक्ति नशे का आदी है और आशंका जताई जा रही है कि किसी के बहकावे में आकर पुलिस की छवि धूमिल करने की कोशिश की गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह आरोप पूरी तरह गलत और भ्रामक हैं।

## सन्यास आश्रम में कल होगा विशाल संत समागम और भंडारा

**मैहर।** देवी जी धाम स्थित बम-बम बागा सन्यास आश्रम में गुरुवार को एक भव्य धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। यह कार्यक्रम आश्रम की पूर्ण तिथि के पावन अवसर पर आयोजित किया जा रहा है,जिसमें मुख्य रूप से संत समागम,ब्राह्मण भोज और विशाल भंडारे का आयोजन होगा।कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शुरू होगा। आयोजकों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मां शारदा और भगवान भोलेनाथ की कृपा से यह परंपरा निभाई जा रही है। आयोजन में क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक जैसे विजय चौरसिया,विनय मिश्रा,देवेंद्र पांडेय और अन्य सहयोगियों की सक्रिय भागीदारी है। कार्यक्रम के निवेदक महंत श्री दिगंबर सचिन गिरी जी महाराज हैं। उन्होंने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर संत समागम का लाभ उठाएं और प्रसाद ग्रहण कर आयोजन को सफल बनाएं।

## धरा गया तस्कर, 55 हजार रूपए कीमती गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एनकेजे पुलिस ने बजरंग कॉलोनी नदी पुल के पास एक आदतन आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 3 किलो 811 ग्राम गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब 55 हजार रुपये बताई जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत बीती रात एनकेजे पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान बजरंग कॉलोनी नदी पुल के पास एक संदिग्ध व्यक्ति पिट्ठू बैग लेकर जाता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की जिसने अपना नाम हरिओम राजपूत 45 निवासी दुर्गा चौक खिरहनी बताया। तलाशी लेने पर उसके बैग से चार पैकेट में रखा 3 किलो 811 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

# प्रभारी मंत्री की दो-टूकः गर्मी में पानी के लिए न मचे हाहाकार, लापरवाह अफसर नपे जाएंगे



**सतना।** प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बुधवार को अपने सतना प्रवास के दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों की जमकर 'क्लास' ली। भीषण गर्मी की दस्तक से पहले ही जल संकट की आहट को भांपते हुए मंत्री ने सख्त लहजे में निर्देश दिए कि किसी भी ग्राम पंचायत या शहरी वार्ड में पानी की किल्लत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने दो-टूक कहा कि अधिकारी अभी से 'एक्शन प्लान' तैयार करें,ताकि जनता को बूंद-बूंद के लिए न तरसना पड़े।

### जल संकट पर सख्त हिदायत और 'एक्शन प्लान'

समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री विजयवर्गीय ने पीएचई और नगरीय निकाय के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में जल स्तर नीचे जा रहा है,वहां वैकल्पिक व्यवस्थाएं तुरंत सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा,टैंकरों की योजना और हैंडपंपों की मरम्मत का काम कागजों पर नहीं,जमीन पर दिखना चाहिए। मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट रहने को कहा। उन्होंने चेतावनी दी कि दूषित पानी से होने वाली बीमारियों को रोकने के लिए दवाओं का पर्याप्त स्टॉक और जागरूकता अभियान समय रहते दुरुस्त कर लिया जाए। बैठक में राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी,महापौर योगेश ताम्रकार और कलेक्टर डॉ.सतेंद्र सिंह सहित तमाम आला अधिकारी मौजूद रहे।

### कार्यकर्ताओं को 'विनम्रता' का पाठ और संगठन को मजबूती

प्रशासनिक बैठक के बाद प्रभारी मंत्री भरहुत नगर स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी से परिचय प्राप्त किया। यहां उनके तेवर थोड़े अलग थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को नसीहत देते हुए कहा कि पद मिलने का अर्थ सेवा का अवसर है,अहंकार का नहीं।उन्होंने कार्यकर्ताओं को 'विनम्रता' का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि अधिकारियों से अनावश्यक विवाद करने के बजाय संगठन के माध्यम से अपनी बात रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई अधिकारी जनहित के काम में बाधा डालता है,तो उसकी सूचना जिला अध्यक्ष को दें,शासन स्तर पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### दिवंगत पूर्व विधायक को दी श्रद्धांजलि



इससे पहले,मंत्री विजयवर्गीय ने पूर्व विधायक स्वर्गीय शंकरलाल तिवारी के निवास पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। दिन भर के व्यस्त दौरे में उन्होंने चावल उद्योग संघ के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। उद्योगपतियों ने राइस मिलों के अपग्रेडेशन और ट्रायल मिलिंग से जुड़ी समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा,जिस पर मंत्री ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया।

### अनछुए पहलूः धूल भरी सड़कें और स्मार्ट सिटी पर चुप्पी

प्रभारी मंत्री का दौरा भले ही निर्देशों और बैठकों से भरा रहा,लेकिन शहर की बुनियादी समस्याओं पर उनकी 'चुप्पी' चर्चा का विषय बनी रही। ताज्जुब की बात यह है कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत वर्षों से अधूरे पड़े कार्यों और धूल के गुबार उड़ाती सड़कों पर मंत्री जी ने एक शब्द भी नहीं कहा। शहरवासियों को उम्मीद थी कि प्रभारी मंत्री अस्पतालों की बदहाली और स्मार्ट सिटी के नाम पर हो रही लेटलतीफी पर कड़ा रुख अपनाएंगे,लेकिन इन ज्वलंत मुद्दों को बैठक के एजेंडे में जगह नहीं मिली।



# मैहर के नवागत सीएमओ ने किया नगर का निरीक्षण, मेले की तैयारियों व सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

**मैहर।**

मैहर नगर पालिका के नवागत सीएमओ प्रिंस अग्रवाल ने बुधवार को नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों का भ्रमण कर आगामी 19 मार्च से शुरू होने वाले मेलों की तैयारियों और साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।सीएमओ प्रिंस अग्रवाल ने देवी जी रोड,स्टेशन रोड,घंटाघर रोड और कटनी रोड सहित अन्य प्रमुख क्षेत्रों का निरीक्षण किया और मेले के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विशेष रूप से साफ-सफाई,यातायात और व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में साफ-सफाई,प्रकाश व्यवस्था और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।उन्होंने सफाई कर्मचारियों को नियमित रूप से सफाई कार्य करने और नगर को स्वच्छ रखने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर सीएमओ के साथ आकाश अग्रवाल,आशुतोष तिवारी,प्रवीण तिवारी जलकर प्रभारी सुदीप सिंह,सफाई प्रभारी कृष्ण सिंह बघेल,मनोज प्रजापति,लालू सेन,जलील खान,शमीम बेग और सुंदर अहिरवार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रशासन का बड़ा फैसलाः फिलहाल कमर्शियल गैस सप्लाई पर रोक, होटल-इंडस्ट्रीज को वैकल्पिक इंतजाम के निर्देश



**सतना। जिले में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता और सुचारू वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में गैस विक्रेताओं, होटल व्यवसायियों और औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधियों के साथ वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर विकास सिंह सहित खाद्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।**

### घरेलू गैस की कमी नहीं,पैनिक न हों उपभोक्ता

जिला खाद्य अधिकारी सम्यक जैन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि जिले में घरेलू (डोमेस्टिक) गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें । श्री जैन के अनुसार,बुकिंग के पश्चात अधिकतम 3 दिनों के भीतर उपभोक्ताओं को सिलेंडर की होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी।

### होटल और इंडस्ट्रीज के लिए कड़े निर्देश

बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पर अस्थाई तौर पर रोक लगाई गई है। उन्होंने उपस्थित होटल संचालकों और इंडस्ट्री मालिकों को निर्देश दिए कि वे ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों का चयन करें। प्रशासन ने सुझाव दिया है कि व्यवसायिक संस्थान अपने स्तर पर इंडक्शन, बिजली, लकड़ी या कोयले जैसे विकल्पों का उपयोग कर अपना काम काज जारी रखें।

### इन क्षेत्रों को मिलेगी प्राथमिकता

चर्चा के दौरान यह निर्णय भी लिया गया कि जब सरकार की ओर से आगामी निर्देश प्राप्त होंगे,तब वितरण में प्राथमिकता तय की जाएगी। भविष्य में कमर्शियल सिलेंडर की उपलब्धता होने पर सबसे पहले हॉस्टल संचालक,आईआरसीटीसी की कैंटीन, पुलिस कैंटीन, अस्पताल परिसर में संचालित रसोई इन सेवाओं को अनिवार्य सेवाओं की श्रेणी में रखते हुए प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे।

### कालाबाजारी पर रहेगी पैनी नजर

प्रशासन ने गैस विक्रेताओं को सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि घरेलू सिलेंडरों का उपयोग व्यवसायिक कार्यों में न किया जाए। कलेक्टर ने खाद्य विभाग और संबंधित टीम को निर्देश दिए हैं कि घरेलू सिलेंडर के दुरुपयोग और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए। गैस एजेंसियों के स्टॉक और वितरण रजिस्टर की नियमित जांच हो। अवैध रिफिलिंग और भंडारण मिलने पर तत्काल जब्ती की कार्यवाही करें। बैठक के अंत में सभी व्यवसायियों से सहयोग की अपेक्षा की गई ताकि जिले की आवश्यक सेवाओं और आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## मैहर में 'कथित' मुस्लिम कमेटी पर विवाद, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**मैहर।**

*नगर में मैहर मुस्लिम समाज के नाम पर बनाई गई एक नई कमेटी को लेकर मुस्लिम समुदाय में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। शहर की विभिन्न मस्जिद कमेटियों और जिम्मेदार नागरिकों ने इस कमेटी को अवैध और गुमराह करने वाली बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया है। इस संबंध में एक प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और मामले की जांच की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि कुछ लोगों ने बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया या वरिष्ठों की सहमति के स्वयं को समाज का प्रतिनिधि घोषित कर दिया है। शहर की किसी भी आधिकारिक मस्जिद कमेटी को इस बारे में जानकारी नहीं दी गई थी। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि इस तरह के कदम से सामाजिक समरसता बिगड़ सकती है और भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस कथित कमेटी को कोई मान्यता न दी जाए और फर्जी तरीके से प्रतिनिधित्व करने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।*

# पत्रकार संघ ने प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन, मृतक राज सोलंकी के परिवार के लिए माँगी सहायता

**सतना।**



भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ ने जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को ज्ञापन सौंपकर दिवंगत युवा पत्रकार राज सोलंकी के परिवार को 5 लाख रुपये की तत्काल आर्थिक सहायता देने की माँग की है। राष्ट्रीय संयुक्त सचिव राजकुमार बजाज के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में राज सोलंकी की मासूम बच्ची के भविष्य और परिवार की स्थिति का हवाला दिया गया है। इसके साथ ही संघ ने प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने,गंभीर बीमारियों के लिए सहायता और अधिमान्यता नियमों के सरली करण की भी माँग की। मंत्री विजयवर्गीय ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। प्रतिनिधिमंडल जल्द ही इस संबंध में कलेक्टर और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात करेगा।

# प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड को सीमेंट निर्माण श्रेणी में फ्लाई ऐश का उत्कृष्ट उपयोग के लिए सम्मान

प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड को सीमेंट निर्माण श्रेणी में फ्लाई ऐश के उत्कृष्ट उपयोग (2026) के लिए मिशन एनर्जी फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। गोवा के व्हाइट वार्फ रिसॉर्ट में आयोजित हुये तीन दिवसीय समारोह में प्रिज्म परिवार की ओर से धनंजय कुमार सिंह (प्रबंधक-मकैनिकल विभाग) ने यह पुरुस्कार ग्रहण किया। इस समारोह में मिशन एनर्जी फाउंडेशन के डायरेक्टर जनरल अश्विन कुमार खत्री तथा केंद्र और राज्य सरकार के ताप विद्युत संयंत्रों के प्रतिनिधि,एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) के प्रतिनिधि और विभिन्न सीमेंट संयंत्रों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड भारतकी अग्रणी



निर्माण सामग्री कंपनियों में से एक,अपने पोर्टलैंड पोजोलाना सीमेंट में फ्लाई ऐश का स्मार्ट तरीके से उपयोग करती है। फ्लाई ऐश के उपयोग से सीमेंट उत्पादन में ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन और ऊर्जा की खपत कम होती है,जिससे यह पर्यावरण के लिए एक बेहतर विकल्प बनता है। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड को टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल विनिर्माण प्रक्रियाओं को बढ़ावा देने के लिए,विशेष रूप से सीमेंट उत्पादन में फ्लाई ऐश का उपयोग करके उच्च गुणवत्ता वाले,टिकाऊ और मजबूत सीमेंट बनाने के लिए मान्यता मिली है। कंपनी के डीजीएम सी.एस.आर. एंड पीआर देवेन्द्र मिश्रा ने जानकारी प्रदान की।

## कोलगवां पुलिस की बड़ी कार्यवाही

# 34 नग नशीली कफ सिरप के साथ युवक गिरफ्तार

**सतना।**

**नशीली दवाओं के अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोलगवां थाना पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक आरोपी को 34 शीशी नशीली कफ सिरप के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।**



### मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी

पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.शिवेष सिंह बघेल व नगर पुलिस अधीक्षक डी.पी.सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोलगवां निरीक्षक सुदीप सोनी की टीम सक्रिय थी। 10 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली कि हवाई अड्डा रोड स्थित मैत्री पार्क गेट के पास संग्राम कॉलोनी के कच्चे रास्ते में एक युवक अवैध नशीली सिरप बेचने की फिराक में खड़ा है।

### भागने की कोशिश, दबोचा

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। वहां सफेद बोरी लेकर खड़ा युवक पुलिस को देख भागने लगा,जिसे जवानों ने तत्परता दिखाते हुए पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान गजेन्द्र सिंह पटेल 23 वर्ष निवासी डिहुली (सीधी),हाल निवासी उतैली (सतना) के रूप में हुई।आरोपी की तलाशी लेने पर बोरी से 34 नग कफ सिरप बरामद हुई। पुलिस ने नशीली सिरप जब्तकर आरोपी के विरुद्ध धारा 8, 21, 22 एनडीपीएस एक्ट और 5/13 ड्रग्स कंट्रोल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# जानलेवा हमला करने वाला मुख्य आरोपी 'चट्टू' गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**सतना। शहर के रीवा रोड स्थित चाय सुट्टाबार के पास संगठित होकर जानलेवा हमला करने वाले फरार आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया,जहां से उसे केंद्रीय जेल सतना भेज दिया गया है।**

### क्या था मामला?

घटना 7 जनवरी की है। फरियादी अतुल गौतम ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके भाई अनिकेत गौतम पर रीवा रोड के पास चट्टू (खम्हरिया), विशाल, सनिल, ऋषभ शुक्ला, हिमांशु,शिव और अनुज ने एक राय होकर जानलेवा हमला किया था।इस दौरान आरोपी सनिल ने कट्टे से फायर कर हत्या का प्रयास भी किया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की थी।

### पुलिस की कार्रवाई और गिरफ्तारी

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह,एएसपी डॉ.शिवेष सिंह बघेल और सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के निर्देशन में थाना प्रभारी रावेन्द्र द्विवेदी ने टीम गठित की थी। पुलिस ने पहले ही दो आरोपियों-अनुज उर्फ प्रशांत तिवारी और शिव अग्निहोत्री उर्फ आकाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। घटना के बाद से ही मुख्य आरोपी ऋषभ शुक्ला उर्फ चट्टू 28 वर्ष,निवासी खम्हरिया हाल आदर्श नगर हवाई पट्टी,फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने लगातार दबिश देकर उसे गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को पकड़ने में उपनिरीक्षक सुमत मरावी,प्रधान आरक्षक आशीष सिंह, आरक्षक श्याम मिश्रा और आरक्षक बृजेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में विगत दिवस विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न








पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक जिला कलेक्टर एवं समिति अध्यक्ष ऊषा परमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं स्वागत गीत से हुआ। विद्यालय प्राचार्य अमित दाहिया ने सभी अतिथियों एवं समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक के उद्देश्यों से अवगत कराया।

पन्ना।

बैठक के अवसर पर गत बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा की गई। विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति, विद्यार्थियों की उपलब्धियों, स्टॉफ की स्थिति, प्रवेश प्रक्रिया तथा विभिन्न विकास कार्यों पर भी विस्तृत विचार विमर्श हुआ। बैठक में समिति सदस्य एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. आनंद चौरसिया, अभिभावक प्रतिनिधि कोमल जगवानी, भूपेन्द्र राय, डॉ. नीरज जैन, लोक निर्माण विभाग के उपयंत्री हृदेश अग्रवाल तथा शिक्षक प्रतिनिधि नेहा लखेरा भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर सीबीएसई कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं तथा खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। समिति ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए भविष्य में और बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। बैठक में बताया गया कि विद्यालय में वर्तमान में 941 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं तथा पीएम श्री योजना के अंतर्गत विद्यालय परिसर में व्यावसायिक प्रयोगशाला का निर्माण पूर्ण हो चुका है। इससे विद्यार्थियों को कौशल आधारित एवं व्यावहारिक शिक्षा प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। इसके अतिरिक्त विद्यालय में अधोसंरचना सुदृढ़ करने के लिए इंटरनेट सुविधा, सीसीटीवी कैमरे, वाटर कूलर, पीए सिस्टम, फर्नीचर, अग्नि सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य निर्माण कार्यों से संबंधित प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। विद्यालय में जूनियर रेडक्रॉस के गठन का प्रस्ताव रखा गया। इसके अलावा सोलर पैनल स्थापित करने के संबंध में चर्चा की गई। समिति ने विद्यालय में हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों की सराहना करते हुए कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक विद्याचरण चौरसिया द्वारा अध्यक्ष एवं समिति सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## खबर संक्षेप

### विद्युत बिल जमा नहीं करने वालों पर विद्युत विभाग की कार्यवाही तैयार

**पन्ना।** कार्यपालन अभियंता मध्यप्रदेष पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड पन्ना के अमितेष कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया है कि माह फरवरी 2026 में कम्पनी द्वारा प्रदत्त लक्ष्य 15.87 करोड़ के विरोध में पन्ना संभाग द्वारा मात्र 4.87 करोड़ कलेक्षन करने पर कम्पनी प्रबंधन द्वारा मैदानी अधिकारी पर कार्यवाही की जा रही है। माह मार्च 2026 कम्पनी प्रबंधन द्वारा 16.27 करोड़ का लक्ष्य दिया गया है। जबकि पिछले वर्ष मार्च 2025 में पन्ना संभाग द्वारा 20.03 करोड़ राजस्व का संग्रहण किया गया था। वहीं माह फरवरी 2026 में राजस्व संग्रहण कम आने व कम्पनी प्रबंधन द्वारा मैदानी अधिकारी पर कार्यवाही साथ ही मार्च 2026 में अत्याधिक राजस्व संग्रहण के लक्ष्य को लेकर मैदानी अधिकारी/कर्मचारियों पर दबाव बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण विद्युत विभाग के अधिकारी अब गांव-गांव कैम्प लगाकर राजस्व संग्रहण करने में जुटे है। ट्रांसफार्मर भी गांवों में जहां लम्बे समय से विद्युत बिल नहीं जमा किया जा रहा है वहां के ट्रांसफर्मार से सप्लाई भी बंद करने को लेकर उपभोक्ताओं को वितरण केन्द्र प्रभारी के द्वारा पदेन अतिरिक्त तहसीलदार के पावर का उपयोग करते हुए नोटिस जारी कर समय दिया जा रहा है। ताकि उपरोक्त समय-सीमा में राषि जमा नहीं होने पर उक्त उपभोक्ता की घर की कुर्की की कार्यवाही की जा सके। कार्यपालन अभियंता द्वारा यह भी बताया जा रहा है कि वर्तमान में विद्युत उपभोक्ताओं पर 37.30 करोड राषि का बिल बकाया है। साथ ही शासकीय विभाग के ऊपर 31.80 करोड राषि का बिद्युत देयक भुगतान लंबित है। समस्त सरकारी संस्थान व विद्युत उपभोक्ताओं से कार्यपालन अभियंता पन्ना अमितेष कुमार मिश्रा ने आग्रह किया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के आखिरी माह होने के कारण तत्काल अपना पुराना विद्युत देयक जमा करवायें ताकि भीषण कर्मी में किसी भी प्रकार के विद्युत संकट से बचा जा सके।

### मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह अमानगंज प्रवास पर पधारे



**अमानगंज।** अमानगंज नगर पालिका पूर्व उपाध्यक्ष एवं पार्षद मुकेश राजू चौबे की भतीजी डॉ पूर्ती चौबे की शादी कार्यक्रम में शामिल हुए। उसके बाद पन्ना जिला में भाजपा पिछडा मोर्चा महामंत्री विजय सोनी के भतीजे की शादी में भी शामिल हुये। उसके अमानगंज नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी अशोक द्विवेदी दद्दा की माता का कुछ दिन पहले स्वर्गवास हो गया था। उनके घर जाकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। उनके साथ में भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी, जिला कोषाध्यक्ष भाजपा दशरथ गुप्ता, भूपेंद्र सिंह सिंह परमार, प्रदीप अवस्थी, मस्तराम राजपूत, दीपेंद्र पाठक, राजेंद्र सिंह राजपूत, पंकज परोहा, अमित द्विवेदी एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अन्तर्राष्टीय प्लम्बिग दिवस का आयोजनः जल जीवन मिशन के उद्देश्य पूर्ति में सहायक सीईओ जिला पंचायत

**ग्रमीण पेयजल व्यावस्था की रीढ़ है प्लम्बर और जलमित्र - जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे परमार**

**जल स्रोतों के स्थायित्व के लिये हम सब मिलकर कार्य करे तो जल संकट नहीं आयेगाः सीईओ जिला पंचायत**





पन्ना।

स्वयंसेवी संस्था समर्थन पीएचईडी,जल निगम एवं जिला पंचायत के संयुक्त तत्वाधान में आज विश्व प्लाम्विंग दिवस का आयोजन राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन के प्रशिक्षक केन्द्र में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीनाराजे परमार, अध्यक्षता मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी ने किया। कार्यक्रम में पीएचईडी से एसडीओ ऐके अवस्थी,जल निगम प्रबंधक निशा परिहार एवं जिला कार्यक्रम परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार ,रिलायंस फाउन्डेसन के डीपीएम मुकेश कुमार सिंह सेंगर परमार्थ समाजसेवी संस्था छतरपुर से जीन्द्र सिंह उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य कार्यक्रम समन्वयक रिशी मिश्रा ने वताया एवं कार्यक्रम का संचालन आरती विश्कर्मा एवं ज्ञानेन्द्र तिवारी ने किया। जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे ने अपने संबोधन में कहा कि श्श्जल जीवन मिशन हमारे सबसे करीबी परियोजना में से एक है हम बचपन से ही पानी से जूझती महिलाओ को देखा था जब हमे मौका मिला जिला पंचायत में काम करने का तो हमारा लक्ष्य यही था की हर घर में नल एवं जल को सुनिश्चित करना है। हमारी टीम इस काम में पूरा सहयोग कर रही है समर्थन जैसी संस्थाओ ने शुरूआत से ही इस मिशन में क्षमतावर्धन एवं ग्राम विकास योजना वना कर छूटे मजरे टोलो को जोंडने का काम किया है। आज हम आगे बढ़ रहे है।श्श सीईओ जिला पंचायत ने कहा की प्लाम्बर,जलमित्र योजना के संचालन संधारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। हम पंचायत से अनुरोध करते है की इनका सहयोग करे और समय पर काम कराकर मानदेय भी दे। सीईओ जिला पंचायत ने कहा की हम जल गांगासंबर्धन अभियान में तलाब कुआ नलकूप एवं नदी के जीर्णद्वार पर कार्य करेगे ताकि जल स्त्रोत में स्थायित्व बना रहे। उपेन्द्र कमलचन्द्र एवं चाली सहित समर्थल टीम ने कार्य क्रम में सहोग किया। राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन से प्रशिक्षण केन्द्र समन्वयक शीतल द्विवेदी एवं उनकी टीम ने सहयोग किया एवं सीएलएफ दीदीयो ने कार्यक्रम का पूरा सहयोग किया। श्रम विभाग की भूमिका पर रिशी मिश्रा ने कहा की प्लाम्बर को बीमा एवं टूल किट मिल सकता है। आज लगभग 120 से ज्यदा प्लाम्बर,ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति सदस्य एवं जलमित्र कार्यक्रम में उपस्थिति रहे। जिले को समर्थन ने टूल किट दिया - निशा परिहार एवं एसडीओ अवस्थी ने कहा की हम हर घर जल देने के लिये टीम के साथ तत्पर है जलमित्र एवं प्लाम्बर हमारी योजना की रीढ है हम इनके क्षमतावर्धन एवं समर्थन के सहयोग से दिये टूलकिट की प्रशांसा भी करते जिले में जब इसकी आवश्यकता रही तो समर्थन ने टूल खरदकर हमारी पंचायत को एक टीम दिया जो सहज नल जल सुधार समिति के रूप में बनाया आज लगभग 50 प्लाम्बर कार्य कर रहे और 5 से 6 हजार रू घर में ही पा रहे है। सम्मन से उत्साह बढ़ता है- आज समर्थन संस्था ने 20 प्लाम्बर को सम्मानिक किया एवं टूल किट प्रदान किया जो सराहनीय कदम है जल जीवन मिशन के उद्देश्यो की पूर्ति में यह किट सहायक होगा।



## नाबालिग को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले जाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को बृजपुर पुलिस टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देषानुसार बृजपुर पुलिस टीम द्वारा अपहरण कर दुश्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर अपहृता को दस्तयाब किया जाकर परिजनो के सुपुर्द किया गया है। मामले में फरियादिया द्वारा दिनांक 19.01.2026 को थाना बृजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि मेरी 15 वर्षीय नाबालिग भांजी स्कूल जाने का कहकर घर से निकली थी, जो वापस नहीं लौटी। कोई अज्ञात व्यक्ति उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाया गया है । फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना बृजपुर में अज्ञात आरोपी के विJ अपराध क्रमांक 11/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी बृजपुर उनि षक्ति प्रकाष पाण्डेय द्वारा मामले की जानकारी वरिश्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लिया गया । मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देषन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्षन में थाना स्तर पर एक विषेश पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए नाबालिग बालिका को दस्तयाब (बरामद) किया गया। दस्तयाबी उपरान्त मामले की पीड़िता के कथन अनुसार पता चला कि मामले में एक व्यक्ति अपहृता को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाया गया था और अपहृता के साथ गलत काम (दुश्कर्म) की घटना को अंजाम दिया गया । पुलिस टीम द्वारा तत्परता पूर्वक अपहृता के बताये अनुसार आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई जिसके द्वारा घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया । जिसे पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के आदेष से जिला जेल दाखिल किया गया है।

**सराहनीय योगदान** - उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी बृजपुर उप निरीक्षक षक्ति प्रकाष पाण्डेय, चौकी प्रभारी पहाड़ीखेड़ा उनि पूर्णानंद मिश्रा, प्रधान आरक्षक प्रदीप हरदेनिया, राजेष अहिरवार, विक्रम सिंह एवं आरक्षक दिलीप षर्मा, संजय बघेल तथा साइबर सेल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## लापरवाही या बदकिस्मती? टीकाकरण के बाद डेढ़ माह के मासूम ने तोड़ा दम, परिजनों का फूटा गुस्सा

**पन्ना।** नगर के वार्ड क्रमांक 3 से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहाँ खुशियाँ मातम में बदल गईं। एक डेढ़ माह के मासूम को सुरक्षा का श्टीकाश क्या लगा, उसकी जिंदगी की लौ ही बुझ गई। आंगनवाड़ी केंद्र में टीकाकरण के कुछ ही देर बाद बच्चे की तबीयत बिगड़ी और अस्पताल पहुँचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। मासूम की मौत के बाद बदहवास माँ-बाप का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का सीधा आरोप है कि एएनएम ने लापरवाही बरतते हुए बच्चे को एक साथ तीन इंजेक्शन लगा दिए, जिसे नन्हा शरीर बर्दाश्त नहीं कर सका। जहाँ स्वास्थ्य विभाग के दावों पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता इस बात से हैरान हैं कि स्वस्थ बच्चा अचानक मौत की आगोश में कैसे सो गया। सीएमएचओ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए हैं। अब सवाल यह है कि क्या यह वाकई कोई तकनीकी चूक थी या स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही ने एक गोद सूनी कर दी? फिलहाल, पुलिस और प्रशासन पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं ताकि इस मासूम की मौत का असली सच सामने आ सके। वही आज बुधवार 11 मार्च दोपहर करीब 2 बजे बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। डॉ. श्री तिवारी सीएमएचओ पन्ना जिला चिकित्सालय से बात की गई तो बच्चे का रूटीन टीका जो लगता है वही लगाया गया बच्चे की उम्र ढेड वर्ष थी पर बच्चे की डेथ होने के बाद पीएम कराया जा रहा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ सामने आयेगा। वहीं जो कमेटी रहती है उसके माध्यम से भी जांच कराई जायेगी। इस तरह से जहां एक नौनिहाल षिषु जिसकी उम्र डेढ़ वर्ष थी टीकाकरण के दौरान डेथ हो जाना अपने आप में चर्चा का विषय जरूर है। जहां जान लेवा बीमारियों से बचाव के लिए टीके लगाये जाते है वहीं यह घटना घटित होना कहीं न कहीं अपने आप में दुखद तो है ही।

# श्री जुगल किशोर सरकार के दर्शन करने पहुंचे पूज्य संत श्री सियाराम दास महाराज, भक्तों में उत्साह





पन्ना।

पवित्र नगरी पन्ना में मथुरा गोवर्धन धाम के हनुमान बाग से पधारे पूज्य संत श्री सियाराम दास महाराज जी का भक्तों द्वारा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया गया। उनके आगमन से शहर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और आध्यात्मिक हो उठा। बड़ी देवी मंदिर, राम मंदिर से लेकर श्री जुगलकिशोर जी मंदिर तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली और लोग बड़ी श्रद्धा के साथ पूज्य संत के दर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए उमड़ पड़े। पन्ना पहुंचने पर संत श्री सियाराम दास महाराज ने सबसे पहले श्री राम मंदिर बड़ी माता में दर्शन किए, इसके बाद श्री जुगलकिशोर जी मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन कर देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं ने संत के पावन सान्निध्य में आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर संत श्री सियाराम दास महाराज ने भक्तों को धर्म, भक्ति और सेवा का संदेश देते हुए कहा कि मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य ईश्वर भक्ति और समाज सेवा है। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से भगवान का स्मरण करने से मनुष्य के जीवन के कष्ट दूर होते हैं और जीवन में शांति एवं सुख की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है कभी पराजित नहीं हो सकता। दर्शन उपरांत महाराज जी पत्रकार एकता मंच के जिला अध्यक्ष शिव किशोर पांडेय के निवास पर भी पहुंचे, जहां उन्होंने कुछ समय विश्राम किया। इस दौरान गुनौर विधायक राजेश वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना पांडेय, विष्णु पांडेय, समाजसेवी विवेक पांडेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु वहां पहुंचे और संत श्री सियाराम दास महाराज के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कुछ समय विश्राम के पश्चात संत श्री सियाराम दास महाराज भक्तों को आशीर्वाद देकर अपनी आगे की यात्रा के लिए रवाना हो गए। उनके पन्ना आगमन से पूरे शहर में भक्ति और आध्यात्मिकता का वातावरण देखने को मिला।

# देवेंद्रनगर में 18 घंटे मौत के कुएँ में रही मासूम पुलिस की तत्परता से कुएं से सकुशल बाहर आई

**देवेंद्रनगर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए रेस्क्यू कर सुरक्षित कुएं से निकाला बाहर**

**कन्या ही देवी का रूप है", देवेंद्रनगर में दिखा चमत्कार**

पन्ना।





देवेंद्रनगर में एक ऐसी घटना सामने आई जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। लोग इसे केवल संयोग नहीं बल्कि ईश्वर की कृपा और कन्या के देवी स्वरूप का चमत्कार मान रहे हैं। यहाँ एक मासूम बच्ची लगभग 40 फीट गहरे सूखे कुएँ में करीब 18 घंटे तक फंसी रही, लेकिन जब उसे बाहर निकाला गया तो उसके शरीर पर खरोंच तक नहीं थी। इस घटना को देखने वाले लोग कह रहे हैं कृ "सच में हमारे भारत में कन्या को देवी का रूप क्यों माना जाता है, यह आज देखने को मिल गया।" जानकारी के अनुसार देवेंद्रनगर निवासी की पुत्री 10 मार्च 2026 की रात लगभग 9 बजे अचानक घर से लापता हो गई। परिवार वालों ने पूरी रात बच्ची को हर जगह तलाशा, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पूरी रात परिवार पर दुख और चिंता का पहाड़ टूट पड़ा। अगली सुबह परिजनों ने थाना पहुँचकर थाना प्रभारी सोनम शर्मा को बच्ची के गायब होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत हरकत में आ गई। थाना प्रभारी ने पुलिस टीम बनाकर पूरे मोहल्ले और आसपास के इलाकों में सघन सर्च अभियान शुरू कर दिया। काफी देर तक खोजबीन के बाद जब पुलिस टीम मोहल्ले के पास स्थित एक पुराने बरगद के पेड़ के पास पहुँची तो वहाँ एक खाली पड़े कुएँ में झांकने पर सभी के होश उड़ गए। कुएँ के अंदर बच्ची दिखाई दी। यह कुआँ लगभग 40 फीट गहरा था। पुलिस टीम ने तुरंत बचाव अभियान चलाकर सावधानी से बच्ची को बाहर निकाला। जैसे ही बच्ची बाहर आई, वहाँ मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। मौके पर पहुँची मेडिकल टीम ने बच्ची को तुरंत अस्पताल पहुँचाया, जहाँ बीएमओ डॉ. अभिषेक जैन ने उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि बच्ची पूरी तरह स्वस्थ पाई गई। वह केवल डरी हुई थी और बोल नहीं पा रही थी। डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार दिया और नए कपड़े उपलब्ध कराए गए। दोपहर लगभग 3रू30 बजे डॉ. अभिषेक जैन ने पुष्टि की कि बच्ची बिल्कुल सुरक्षित है। इसके बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया कि करीब 18 घंटे तक 40 फीट गहरे कुएँ में रहने के बाद भी बच्ची को कोई चोट नहीं आई। लोग इसे भगवान की कृपा और चमत्कार मान रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे देश में कन्या को देवी का स्वरूप माना जाता है और आज यह घटना उसी विश्वास को सच साबित करती हुई नजर आई। हालांकि पुलिस अब भी इस मामले की जांच कर रही है कि बच्ची कुएँ तक कैसे पहुँची और पूरी रात वहाँ कैसे रही। इस घटना ने एक बार फिर लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि कभी-कभी जीवन में ऐसे चमत्कार भी होते हैं जिन्हें शब्दों में बयान करना मुश्किल होता है। सच ही कहा गया है - जाको राखे साइयां, मार सके न कोय। बाल न बाँका करि सके, जो जग बैरी होय। आज इस दोहा की हकीकत सच हो गई।

# सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राएं पहुंची सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, लगवाया एचपीवी का टीका, दिया संदेश

पवई।





मध्य प्रदेश शासन के द्वारा 9 वर्ष से 14 वर्ष की बच्चियों के लिए सर्वाइकल कैंसर से बचाव और कैंसर के कारणों की रोकथाम के लिए एचपीवी वैक्सीन का टीका लगाया जा रहा है। बुधवार को पवई नगर के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की लगभग 20 बहिनें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई पहुंची,जहां उन्होंने बिना किसी डर और झिझक के एचपीवी वैक्सीन का टीका लगवाया, साथ ही अन्य बहनों को भी टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया। बता दें कि एचपीवी का टीका एक या दो खुराक जो 9 वर्ष से 26 वर्ष तक की उम्र में ली जा सकती है। यह कैंसर से 99ः तक सुरक्षा प्रदान करती है। यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है और इसमें कोई जीवित वायरस नहीं होता। इस टीके की वजह से हल्का दर्द,सूजन या बुखार आ सकता है जो एक या दो दिन में ठीक हो जाता है।

## खबर संक्षेप



### रनेह फॉल रोड सहित तीन पहुंच मार्गों को मिली प्रशासनिक स्वीकृति

**सांसद और विधायक के प्रयासों से करीब 25 करोड़ की लागत से बनेगी सड़कें**

**खजुराहो।** खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा एवं राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया के प्रयासों से राजनगर विधानसभा क्षेत्र में सड़क विकास को गति मिली है। क्षेत्र के तीन महत्वपूर्ण मार्गों के निर्माण एवं चौड़ीकरण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति के साथ टेंडर जारी कर दिए गए हैं। इन सड़कों के निर्माण पर लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत आएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पर्यटन की दृष्टि से प्रसिद्ध रनेह वॉटरफॉल पहुंच मार्ग के 13 किलोमीटर लंबे सड़क चौड़ीकरण कार्य के लिए 18 करोड़ 82 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा मऊ मसानिया से ग्राम धवाड़ तक 1 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 2 करोड़ 50 लाख रुपये तथा लवकुशनगर तहसील क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सीमा से लगे दोनी से गऊआ पुरवा तक 2.7 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 3 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। बताया गया है कि खजुराहो के समीप स्थित रनेह वॉटरफॉल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक पहुंचते हैं, लेकिन यहां तक पहुंचने के लिए सड़क मार्ग संकरा होने से आवागमन में परेशानी होती थी। लंबे समय से इस मार्ग के चौड़ीकरण की मांग की जा रही थी। सांसद विष्णु दत्त शर्मा एवं विधायक अरविंद पटेरिया के प्रयासों से अब इस मार्ग को राजनगर तहसील तिराहे शक्ति की मड़िया से रनेह वॉटरफॉल तक चौड़ा किया जाएगा।

**एलपीजी सिलेंडर बुकिंग में अब 25 दिनों का अंतर अनिवार्य**

# जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए बड़ा कदम

**छतरपुर।** भारत सरकार ने मार्च 2026 में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। अब दो सिलेंडर बुकिंग के बीच कम से कम 25 दिनों का अंतर अनिवार्य कर दिया गया है, जो पहले 21 दिनों का था। इस फैसले का मुख्य उद्देश्य जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकना तथा सप्लाई चेन को सुचारू बनाए रखना है।



मेंटेनेंस इंचार्ज विजय घोष ने स्थानीय स्तर पर जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार के सिलेंडर की कमी नहीं है। पर्याप्त मात्रा में गाडियां आ रही हैं, लेकिन बुकिंग सिस्टम में थोड़ा समय लग रहा है। जिन ग्राहकों को ओटीपी मिल रहा है, उन्हें नियमित रूप से सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि बुकिंग नंबर में कोई बदलाव नहीं हुआ है और यह पूरी तरह गलत प्रचार है।

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव और संघर्ष के कारण वैश्विक सप्लाई चेन पर दबाव बढ़ गया है। इससे पैनिक बुकिंग और जमाखोरी की आशंका बढ़ी थी। सरकार ने इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए यह कदम उठाया है। अब एक सिलेंडर डिलीवरी के बाद दूसरा बुक करने के लिए कम से कम 25 दिनों का इंतजार करना होगा। यह नियम सभी घरेलू एलपीजी कनेक्शनों पर लागू है।

### एस्मा लागू, उत्पादन बढ़ाने के निर्देश

सरकार ने एस्मा के तहत विशेष प्रावधान लागू किए हैं। रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन अधिकतम करने और प्रमुख हाइड्रोकार्बन स्ट्रीम्स को एलपीजी पूल में डायवर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे घरेलू उपयोग के लिए पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

## पेड़ से गिरते समय हाई टेंशन लाइन की चपेट में आई 5 वर्षीय मासूम, गंभीर रूप से झुलसी



**छतरपुर** जिले में एक दर्दनाक हादसे में 5 वर्षीय बच्ची हाई टेंशन बिजली लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। घायल बच्ची का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार सीमा आदिवासी (5 वर्ष) पिता पंचू आदिवासी निवासी ग्राम नवादा, हाल निवासी ग्राम बसाटा थाना सटई की रहने वाली है।

बताया गया कि मंगलवार दोपहर करीब 4 बजे बच्ची अपने मामा के खेत पर खेल रही थी। खेलते-खेलते वह खेत में लगे एक पेड़ पर चढ़ गई। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगडऩे से वह पेड़ से नीचे गिरने लगी और गिरते समय पास से गुजर रही हाई टेंशन लाइन के तार को पकड़ लिया, जिससे वह करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गई।

घटना के बाद परिजन तुरंत उसे निजी वाहन से छतरपुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसे बर्न वार्ड में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। बच्ची के मामा रामकिशोर आदिवासी ने बताया कि घटना की जानकारी बुधवार 11 मार्च को दोपहर करीब 1 बजे जिला अस्पताल में दी गई। फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में बच्ची का इलाज जारी है और उसकी हालत पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के खिलाफ युवा शिवसेना का मांग पत्र

**10 दिन में कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी**

**छतरपुर।** युवा शिवसेना ने जिले के निजी स्कूलों में हो रही कथित मनमानी, कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। बुधवार को दोपहर करीब 12 बजे युवा शिवसेना के जिला प्रमुख नीतेश तिवारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी को एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा।



मांग पत्र में संगठन ने आरोप लगाया कि कई प्राइवेट स्कूल हर साल किताबें बदल देते हैं, जिससे अभिभावकों को मजबूरन नई किताबें खरीदनी पड़ती हैं। इन किताबों पर स्कूल प्रबंधन को मोटा कमीशन मिलता है। साथ ही, कई स्कूल अभिभावकों को तय की गई दुकानों से ही किताबें खरीदने के लिए बाध्य करते हैं, जहां कोई छूट नहीं दी जाती। यह नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।

संगठन ने यह भी बताया कि कुछ स्कूल रिजल्ट घोषित होते ही परिसर में ही किताबें, कॉपियां और अन्य स्टेशनरी बेचना शुरू कर देते हैं। युवा शिवसेना ने इस प्रथा पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। मांग पत्र में स्कूलों को निर्देश देने की अपील की गई है कि उनकी निर्धारित किताबें बाजार की किसी भी दुकान पर उपलब्ध हों और उन पर कम से कम 10 से 15 प्रतिशत की छूट दी जाए।

युवा शिवसेना ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 10 दिनों के अंदर इन मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करेगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस अवसर पर युवा शिवसेना के जिला प्रमुख नीतेश तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। संगठन का कहना है कि यह कदम अभिभावकों की परेशानियों को दूर करने और शिक्षा में पारदर्शिता लाने के लिए उठाया गया है।



## रिटायर्ड शिक्षक के घर से 25 घरेलू सिलेंडर जब्त, तीन भरे हुए

**छतरपुर।** मिडिल ईस्ट में युद्ध की वजह से गैस की किल्लत को देखते हुए लोगों ने कालाबाजारी शुरू कर दी है। इसी बीच छतरपुर जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की कमी का फायदा उठाते हुए एक रिटायर्ड शिक्षक ने अपने घर पर बड़े पैमाने पर सिलेंडरों का अवैध भंडारण किया था। स्थानीय प्रशासन को इसकी सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए टीम ने रात के समय छापेमारी की और 25 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त कर लिए। जानकारी के अनुसार, ये सिलेंडर शहर के वार्ड क्रमांक 3, विश्वनाथ कॉलोनी स्थित रिटायर्ड शिक्षक श्यामलाल अहिरवार के घर से बरामद हुए। इनमें से तीन सिलेंडर भरे हुए थे, जबकि बाकी खाली पाए गए। प्रशासनिक टीम में तहसीलदार, खाद्य विभाग के अधिकारी और कोतवाली पुलिस शामिल थी, जो देर रात मौके पर पहुंची। इस मामले में नायब तहसीलदार शशांक जैन एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों ने श्यामलाल अहिरवार के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गैस की कमी के दौरान ऐसी जमाखोरी और कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे ऐसी गतिविधियों की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

## 42 वार्ड बॉय के बावजूद परिजन खुद धकेल रहे स्ट्रेचर

**अपर कलेक्टर ओम नमः शिवाय ने कहा कि सीएमएचओ को नोटिस जारी किया**

**छतरपुर।** छतरपुर जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली इन दिनों सुर्खियों में है। अस्पताल में लगभग 42 वार्ड बॉय पदस्थ होने के बावजूद मरीजों को स्ट्रेचर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। गंभीर मरीजों को लाने पर उनके परिजनों को ही स्ट्रेचर धकेलकर इमरजेंसी या वार्ड तक पहुंचाना पड़ रहा है। परिजनों का आरोप है कि वार्ड बॉय गंभीर मरीज आने पर रिसीव करने नहीं पहुंचते और कई बार वे अपनी ड्यूटी के बजाय अन्य स्थानों पर नजर आते हैं।



इसके अलावा अस्पताल में स्वच्छता की स्थिति भी बेहद दयनीय है। शौचालय और बाथरूम में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे बदबू के कारण मरीज और उनके परिजन बुरी तरह परेशान हैं। सफाई का ठेका इंदौर की एक निजी कंपनी को दिया गया है, लेकिन व्यवस्था पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। पीने के पानी की भी गंभीर समस्या है। अस्पताल में स्वच्छ पानी की उपलब्धता नहीं होने से मरीजों और परिजनों को बाहर से बोतलबंद पानी खरीदना पड़ रहा है। मामले की जानकारी मिलने पर अपर कलेक्टर ओम नमः शिवाय ने कहा कि सीएमएचओ को नोटिस जारी किया जाएगा। साथ ही सफाई कंपनी को भी नोटिस देकर व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार कराया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही अस्पताल की सभी कमियों को दूर किया जाएगा।

## गाईड लाईन वर्ष 2026-27 के लिए जिला मूल्यांकन समिति की बैठक संपन्न



**1474 लोकेशनों में 16 प्रतिशत दर की हुई औसत वृद्धि**

**छतरपुर।** बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में छतरपुर प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया की अध्यक्षता में बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों के अंतर्गत गाईड लाईन वर्ष 2026-27 के लिए जिला मूल्यांकन समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें प्रभारी मंत्री द्वारा मनोनीत बिजावर विधायक राजेश शुक्ला, संयोजक एवं जिला पंजीयक जी.पी. सिंह एवं अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे। जिला मूल्यांकन समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु उप जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त प्रस्तावों को चर्चा उपरांत अनुमोदित किया गया। समिति द्वारा अनुमोदित प्रस्तावों अनुसार छतरपुर जिले की कुल 1901 लोकेशनों में से 1474 लोकेशनों में कुल 16 प्रतिशत औसत वृद्धि अनुमोदित की गई है। शेष 427 क्षेत्रों/लोकेशनों में कोई भी वृद्धि प्रस्तावित नहीं की गई है। जिन क्षेत्रों में अधिक संख्या में एवं अधिक मूल्य पर दस्तावेजों का पंजीयन हुआ है तथा क्षेत्रों में होने वाले विकास को दृष्टिगत रखते हुये मूल्य प्रस्तावित है। बैठक के अंत में समिति के द्वारा समिति के समस्त सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

## 11वीं की छात्रा से दरिंदगी, आरोपी गिरफ्तार




**छतरपुर।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले से मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम एक 11वीं कक्षा की छात्रा के साथ दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही है। आरोपी ने छात्रा पर कोई नशीला स्प्रे छिड़ककर उसे अपनी हवस का शिकार बनाया। छात्रा खेत में खून से लथपथ और बेहोशी की हालत में मिली है। फिलहाल पीड़िता का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। परिजनों के अनुसार मंगलवार शाम करीब 7 बजे नाबालिग छात्रा घर से खेत की ओर गई थी। जब काफी देर तक वह वापस नहीं लौटी, तो परिवार वालों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान छात्रा रास्ते के पास एक खेत में मरणासन्न हालत में पड़ी मिली।

### पुलिस बल के साथ पहुंचे आला अधिकारी

घटना की सूचना मिलते ही एएसपी आदित्य पटले, कोतवाली थाना प्रभारी और सिविल लाइन थाना प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ जिला अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने डॉक्टरों से पीड़िता के स्वास्थ्य की जानकारी ली। गढ़ीमलहरा थाना प्रभारी रीता सिंह ने भी घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया है और साक्ष्य जुटाए हैं।

### इनका कहना-

थाना गढ़ीमलहरा क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग से दुष्कर्म की घटना सामने आयी है। जिसमें एक 22 वर्षीय युवक द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने मामले में पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता इलाजरत है और अब उसकी हालत खतरे से बाहर है।

**अरूण कुमार सोनी**
सीएसपी, छतरपुर

## छतरपुर में बार-बेंच ने मिलकर मनाई होली

**होली मिलन समारोह में कविता-शायरी और गीतों से सजा माहौल**



**छतरपुर।** जिला अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में बार और बेंच ने एक साथ मिलकर होली मिलन समारोह का आयोजन किया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह कार्यक्रम आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाया गया, जिसमें अधिवक्ताओं और न्यायाधीशों ने रंगों के उत्सव में भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने कविता और शायरी के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त किया, जिससे माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया। विशेष रूप से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविंदर सिंह ने गीत प्रस्तुत कर सभी को आकर्षित किया और खुशनुमा वातावरण बनाया। होली मिलन समारोह में विशेष न्यायाधीश उपेंद्र प्रताप सिंह, चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती कविता वर्मा, तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश निवेश जायसवाल, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश हिमांशु शर्मा, डीपीओ प्रवेश अहिरवार सहित कई अन्य न्यायाधीश उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष से प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष लखन दुबे, सचिव अनिल द्विवेदी, कोषाध्यक्ष आशीष पटेरिया, महिला उपाध्यक्ष रश्मि यादव, सह सचिव सुरेंद्र मिश्रा सहित संघ की कार्यकारिणी के सदस्य और बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

## पार्षद सहित कई लोगों पर पिता की हत्या का आरोप

**महिला ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार**

**छतरपुर। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र से एक महिला ने अपने पिता की संदिग्ध मौत को हत्या बताते हुए वार्ड पार्षद सहित कई लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बुधवार को पीड़िता समा खातून निवासी सौरा रोड, गौतम नगर मढिय़ा के पास ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई और न्याय की मांग की।**



पीड़िता ने एसपी को दिए आवेदन में बताया कि उसके पिता स्वर्गीय पप्पू फकीर की साजिश के तहत हत्या की गई है। महिला का आरोप है कि आरोपी रफीक नट, नगीना नट, महेश अहिरवार, दिनेश अहिरवार, वार्ड पार्षद गोविंद तिवारी और रमेश खटीक पहले से ही मारपीट व छेड़ख़ानी जैसे मामलों में संलिप्त रहे हैं और लंबे समय से उनके परिवार को परेशान कर रहे थे। महिला के अनुसार 2 अप्रैल 2025 को आरोपियों ने उसके पिता को जरीना खातून के घर बुलाया, जहां पहले उनके साथ मारपीट की गई और बाद में जहरीला पदार्थ खिलाकर या इंजेक्शन लगाकर उनकी हत्या कर दी गई। पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपी रफीक नट ने शराब के नशे में स्वयं इस घटना को स्वीकार करते हुए उसे भी जान से मारने की धमकी दी है।

पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और मुख्य आरोपी रफीक नट को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की जाए, ताकि उसके पिता को न्याय मिल सके।

## फरियादी पर राजीनामा का दबाव, जान से मारने की धमकी; एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**छतरपुर। जिले के भगवा थाना क्षेत्र की घुवारा चौकी अंतर्गत एक फरियादी ने आरोपियों पर घर जाकर राजीनामा करने का दबाव बनाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित पहलवान राय ने एसपी कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत देते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।**



फरियादी के अनुसार अमान सिंह घोषी, जगभान सिंह, महाराज सिंह घोषी और राजन घोषी द्वारा लगातार उसे धमकाया जा रहा है और राजीनामा करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। साथ ही आरोपियों द्वारा उसके खेत की खड़ी फसल को काटने से भी मना किया जा रहा है। पीड़ित का कहना है कि इस मामले को लेकर वह पहले भी थाने पहुंच चुका है, लेकिन अब तक अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसके चलते उसने एसपी कार्यालय में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। बताया जा रहा है कि इस मामले में पूर्व में भी प्रकरण दर्ज हो चुका है, जिसमें चार अन्य आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं। वहीं आरोप है कि आरोपी पक्ष गवाहों के घर जाकर भी उन्हें धमका रहा है। पीड़ित के मुताबिक आरोपियों द्वारा दी जा रही धमकियों का एक ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फिलहाल पुलिस प्रशासन से पूरे मामले में जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की गई है।

**जिनका विवाह वर्ष 2020, 2021, 2022 और 2023 में आयोजित सामूहिक कन्या विवाह**

## बेटियों-दामादों से बागेश्वर महाराज ने की मुलाकात

**छतरपुर। बागेश्वर धाम सिद्ध पीठ में आज एक ऐसा भव्य और भावुक आयोजन हुआ, जिसने हर किसी की आंखें नम कर दीं। यहां 11 मार्च को बेटी-दामाद सम्मेलन का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें उन सभी बेटियों और दामादों को सपरिवार बुलाया गया था, जिनका विवाह वर्ष 2020, 2021, 2022 और 2023 में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बागेश्वर धाम द्वारा आयोजित सामूहिक कन्या विवाह समारोह में संपन्न हुआ था।**



कार्यक्रम के दौरान पूज्य बागेश्वर महाराज ने सभी बेटियों और दामादों से आत्मीय मुलाकात की। उन्होंने एक-एक कर परिवार का हालचाल जाना, दामादों से बेटियों के बारे में पूछताछ की और बेटियों से स्नेहपूर्वक यह जानना चाहा कि क्या ससुराल में उन्हें कोई परेशानी तो नहीं हो रही। बेटियों ने भावुक होकर जवाब दिया, "ससुराल हमारा अपना घर है और बागेश्वर धाम हमारा मायका। आप हमारे पिता समान हैं, इसलिए हमें किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है।"इस अवसर पर बेटियों के साथ उनके नन्हे-मुन्ने पुत्र-पुत्रियां भी पहुंचे थे। महाराज श्री ने उन्हें अपने नाती-नातिन मानकर गोद में लिया, दुलार किया और उनके साथ आनंद के अनमोल पल बिताए। महाराज ने सभी के साथ सेल्फी फोटो भी खिंचवाई, जो इस प्यार भरे माहौल की जीती-जागती निशानी बन गई। सम्मेलन के समापन पर महाराज श्री ने सभी बेटियों और दामादों को तुलसी का पौधा, धारा, चीनी मिट्टी की पटकी, साड़ी और दक्षिणा भेंट कर आशीर्वाद प्रदान किया। आयोजन समिति ने बेटी-दामादों के आगमन से लेकर भजन, मंदिर दर्शन, भोजन प्रसादी और ठहरने की पूरी व्यवस्था की। दूर-दराज से आए परिवारों के लिए रुकने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जबकि आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों को स्नेहपूर्वक विदाई दी गई।



### तरुण खटीक की हत्या के विरोध में खटीक समाज का प्रदर्शन, दोषियों को फांसी देने की मांग

**छतरपुर।** दिल्ली के उत्तम नगर में 4 मार्च 2026 को हुई तरुण खटीक की निर्मम हत्या के विरोध में बुधवार शाम करीब 4 बजे खटीक समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

समाज के लोगों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि उत्तम नगर कॉलोनी में तरुण खटीक की बिना किसी कारण के बेरहमी से हत्या कर दी गई, जिसमें करीब 40 से 50 लोगों के शामिल होने की बात सामने आ रही है। इस घटना से समाज में आक्रोश और भय का माहौल बना हुआ है।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच कर दोषियों की जल्द पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए। साथ ही आरोपियों के मकानों पर बुल्डोजर कार्रवाई करते हुए उन्हें कठोर से कठोर सजा, यहां तक कि फांसी की सजा दिलाई जाए। खटीक समाज के लोगों ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने, परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने की भी मांग की।

## खबर संक्षेप

### होली मिलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मऊगंज। जिले के हनुमना न्यायालय मे रंगपंचमी के अवसर पर अधिवक्ताओं के द्वारा होली मिलन का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें न्यायाधीश संदीप नामदेव और न्यायाधीश कीर्ती दुबे की अध्यक्षता में इस विशेष होली मिलन कार्यक्रम को सम्पन्न किया गया। जिसमें अधिवक्ताओं के द्वारा फाग गीत के साथ साथ भजन गायन के द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आनंद लिया गया। इस विशेष कार्यक्रम की शुरुआत मिष्ठान और रंग गुलाल के साथ किया गया। इस विशेष होली मिलन कार्यक्रम के दौरान सभी एक दूसरे को गुलाल लगाकर औपचारिक अभिवादन स्वीकार किया और साथ ही साथ बार और बेंच में हमेशा एक दूसरे के सहयोग के साथ साथ मधुरता बनाए रखने का संकल्प लिया। सभी अधिवक्ता दोनों न्यायाधीश को गुलाल लगाकर औपचारिक अभिवादन स्वीकार किया। इस विशेष होली मिलन कार्यक्रम में मुख्य रूप से अधिवक्ता (सायबर क्राइम एंड क्रिमिनल लॉ )एक्सपर्ट मोहित मिश्रा एवं अधिवक्ता राकेश शुक्ला अधिवक्ता रामभिलाख पटेल अधिवक्ता केशरी सहित समस्त अधिवक्ता साथियों की मौजूदगी मे कार्यक्रम को सफल बनाया।

### श्रवण एवं दृष्टि बाधितार्थ विद्यालय में निःशुल्क प्रवेश प्रारंभ

रीवा । सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अंतर्गत शासकीय श्रवण एवं दृष्टि बाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रीवा में संचालित है। विद्यालय में शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए कक्षा एक से बारहवीं तक निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ है। इस संबंध में अधीक्षक ने बताया है कि इच्छुक विद्यार्थी आवश्यक दस्तावेज के साथ विद्यालय में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक सम्पर्क कर प्रवेश ले सकते हैं। विद्यार्थी अपने साथ दिव्यांग प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, समग्र आईडी, चार नग फोटो सहित अन्य दस्तावेज साथ लाएं।

### खनिज माफियाओं का आतंक



रीवा। जिले में खनिज माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि प्रशासनिक प्रतिबंध और सुरक्षा के लिए लगाए गए सरकारी इंतजाम भी इनके सामने बौने साबित हो रहे हैं। पूरे जिले में अवैध उत्खनन और ओवरलोड वाहनों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। इसका ताजा उदाहरण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क गोडहर–छिजवार मार्ग पर देखने को मिल रहा है, जहां खनिज माफिया खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए दिन-रात अवैध खनिज परिवहन कर रहे हैं. और इनके आगे अधिकारी भी नतमस्तक दिखाई दे रहें क्यूंकि जानकारी होने के बाद भी खनिज अधिकारीयों के द्वारा कोई कार्रवाi नहीं की जा रही है. ऐसे मे कही न कही पूरे मामले मे दाल मे काला नहीं पूरी की पूरी दाल ही काली दिखाई दे रही है,गौरतलब है कि इसी मार्ग पर कुछ वर्ष पहले अवैध परिवहन कर रहे एक ओवरलोड वाहन ने एक स्कूली छात्रा को जोरदार टक्कर मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया था। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर पहुंचे खनिज विभाग और प्रधानमंत्री सड़क के अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन देकर मामला शांत कराया था। इसके बाद अवैध परिवहन को रोकने के उद्देश्य से प्रशासन की ओर से सड़क पर एक शासकीय लोहे का खंभा गाड़ा गया था, ताकि भारी और ओवरलोड वाहनों की आवाजाही रोकी जा सके। लेकिन हैरानी की बात यह है कि खनिज माफियाओं ने उस सरकारी खंभे को ही क्षतिग्रस्त कर तोड़ दिया और अब बिना किसी भय के अवैध खनिज परिवहन को फिर से तेज कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनिज विभाग की मिलीभगत से माफिया दिन-रात बिना किसी वैध दस्तावेज के अवैध उत्खनन कर ओवरलोड वाहनों के माध्यम से खनिज का परिवहन कर रहे हैं। भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि तेज रफ्तार से दौड़ते इन ओवरलोड वाहनों के कारण गांव के लोगों और स्कूली बच्चों पर खतरा मंडरा रहा है।

### क्योंटी जलप्रपात में गिरी युवती

रीवा। जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित प्रसिद्ध क्योंटी जलप्रपात में एक युवती के गिरने का मामला सामने आया है। पुलिस मौके पर पहुंची और बुधवार को एनडीआरएफ तथा गोताखोरों की मदद से युवती की तलाश शुरू कर दी गई है। फिलहाल युवती की पहचान नहीं हो सकी है। मंगलवार शाम जलप्रपात पर मौजूद कुछ लोगों ने सिरमौर पुलिस को सूचना दी कि लगभग 18 से 20 वर्ष की एक युवती, जो लाल रंग के कपड़े पहने हुए थी, अचानक जलप्रपात के किनारे पहुंची और देखते ही देखते गहरी खाई में गिर गई।

### रीवा,मनगवां, सिरमौर सहित कई तहसीलों में तालाबों पर अतिक्रमण

# अतिक्रमणकारियों ने 35 तालाबों को निगला, तान दी कॉलोनी





रीवा।

जिले के 35 तालाबों को अतिक्रमण निगल गया है, जबकि 21 पर बीते कुछ सालों में भूमाफिया ने प्रापर्टी के तौर बेंच दिया। खास बात यह है कि राजस्व और नजूल के साथ साठगांठ कर माफियाओं ने अपने नाम दर्ज करवा लिया और प्लाटिंग कर बेच रहे हैं। प्रशासन के ये आंकड़े सालों पुराने हैं, इस दौरान कई तालाब समतल कर लिए गए और राजस्व विभाग यह बताने की स्थिति में ही नहीं है कि वे कब और कैसे निजी प्रापर्टी बन गए। प्रशासन के नाम अब भी 1500 से अधिक तालाब बताए जाते हैं। राजस्व विभाग से जुड़े लोगों की माने तो पिछले कुछ सालों से सरकारी तालाबों पर अतिक्रमण चोरी छिपे निजी लोगों के नाम दर्ज हो गए हैं। बताया जाता है कि सबसे ज्यादा हुजूर तहसील के 7 से अधिक तालाब देखते ही देखते निजी लोगों के नाम दर्ज कर दिए गए। इन तालाबों की जगह बाद में प्लाट बने और और अब पक्के मकान बनाकर लोग रहने लगे हैं। इसके अलावा गुढ़ तहसील में 3, रायपुर कर्चुलियान में 9, सिरमौर और मनगवां में 1-1 तालाब लोगों की निजी प्रापर्टी बन चुके हैं। बताया जाता है कि जिले में सक्रिय भू-माफिया पहले तालाब की मेड़ बंदी खोदकर उसकी मिट्टी बेच देते हैं। इसके बाद तालाब को समतल बनाकर उसे राजस्व औरनजूल विभाग से अपने नाम दर्ज करवा लेते हैं। इस बीच कुछ दिनों तक उसमें कब्जा बनाए रहते हैं और फिर प्लाट बेचकर निकल जाते हैं। बताया जाता है कि तालाबों पर अतिक्रमण केवल माफिया और स्थानीय लोगों तक ही सीमित नही रह गया है। ऐसे कई बड़े रकबे वाले तालाबों पर स्कूल, अस्पताल, पंचायत भवन और सहकारी समितियों के भवन बनाकर उनका स्वरूप की मिटा दिया गया। हुजूर के रौसर, मनगवां के मलकपुर तालाब, कटरा गंगतीरा के तालाब पर ज्यादातर सरकारी भवन बना लिए गए। यही नहीं त्योंथर और जवा तहसील के कई तालाबों में पीएम आवास लोगों ने बना लिया है। हाईकोर्ट जबलपुर ने एक याचिका के निस्तारण के दौरान तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने का आदेश दिया था, लेकिन पीएम आवास बन जाने के कारण प्रशासन के हाथपाव फूल गए।जिले में यह है स्थितिबताया जाता है कि हुजर तहसील में 3 त्यौंथर में 19 मऊगंज में 11 और सिरमौर में 2 शासकीय तालाबों में अतिक्रमण है। इनके खिलाफ कई बार कोर्ट के आदेश पर अतिक्रमण हटाने की कवायद हुई, लेकिन यह कार्रवाई वास्तविकता से कोसो दूर रही। अब भी लोग आम निस्तार के इन तालाबों पर कब्जा जमाए हैं।

## चिरहुला मंदिर में अन्य बड़े मंदिरों की तरह पृथक से बन रहा है अन्न क्षेत्र

## चिरहुला मंदिर परिसर के विस्तारीकरण कार्य का कलेक्टर ने किया निरीक्षण





रीवा ।

चिरहुलानाथ मंदिर में अन्य बड़े मंदिरों की तरह ही अलग से अन्न क्षेत्र का निर्माण कराया जा रहा है। इसके साथ ही मुख्य सड़क से मंदिर तक कॉरिडोर का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। इन सभी कार्यों के पूर्ण हो जाने पर चिरहुला मंदिर एवं परिसर और भी आकर्षक व भव्य हो जायेगा। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने चिरहुला मंदिर परिसर के विस्तारीकरण कार्य का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। चिरहुलानाथ मुख्य मंदिर के बगल में एक करोड़ 10 लाख रुपए की लागत से प्रवचन हाल के साथ ही पुजारियों के आवास बनाए जा रहे हैं। कलेक्टर ने स्थल निरीक्षण कर निर्माण एजेंसी को आगामी 6 माह में कार्य को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर तक 58 मीटर लंबाई के कॉरिडोर निर्माण कार्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। निर्माण एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि चिरहुला तालाब से लगे क्षेत्र में रिटर्निंग बाल बनाकर कॉरिडोर बनाया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कॉरिडोर में हरियाली तथा अन्य आकर्षक सजावट कर इसे खूबसूरत बनाएं। चिरहुला मंदिर परिसर में नवनिर्मित दुकानों के ऊपर एक करोड़ की लागत से दो हाल बनाए जा रहे हैं जो अन्न क्षेत्र के उपयोग में आएंगे। कलेक्टर ने कहा कि मंदिर से हटकर अन्न क्षेत्र के बन जाने से मंदिर परिसर स्वच्छ रहेगा तथा श्रद्धालुओं को भी सुविधायुक्त अन्न क्षेत्र उपलब्ध हो सकेगा। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी को व्यवस्थित ढंग से अन्न क्षेत्र निर्माण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माणाधीन पार्किंग स्थल एवं चिरहुला मंदिर तक प्रस्तावित सड़क का अवलोकन किया तथा निर्देश दिए कि पूर्व से निर्मित इस सड़क का अतिक्रमण हटाकर इसे चौड़ा मार्ग बनाएं जिससे चिरहुला मंदिर तक के लिए एक अन्य मार्ग की भी उपलब्धता हो सके। उन्होंने कहा कि चिरहुला मंदिर के संपूर्ण परिसर को आकर्षक और भव्य एवं सुविधाजनक बनाने के लिए सभी प्रस्तावित निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ निश्चित समय सीमा में पूर्ण करा लिए जाएं। इस दौरान कलेक्टर ने चिरहुला मंदिर में दर्शन किए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी, सहायक यंत्री हाउसिंग बोर्ड हिमांशु वर्मा सहित नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।



### पुल के नीचे मिला युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

रीवा । जिले के जवा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब ग्राम पंचायत शितलहा के पास स्थित पुल के नीचे एक युवक का शव मिला। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई और क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह कुछ ग्रामीण रोजमर्रा के कार्य से पुल के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर पुल के नीचे पड़े एक युवक के शव पर पड़ी। शव देख ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई और तुरंत इसकी सूचना जवा थाना पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कमलेश साहू पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मौके का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की गई। मृतक की पहचान सुगन बसोर निवासी बरुहा टोला, भनिगवां के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुल के नीचे शव मिलने से कई तरह की आशंकाएं भी जताई जा रही हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जवा भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल जवा थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि यह दुर्घटना, आत्महत्या या फिर किसी अन्य कारण से हुई मौत का मामला है।

## जिला मूल्यांकन समिति की रीवा और मऊगंज जिले की अचल सम्पत्ति के बाजार मूल्य निर्धारण बैठक संपन्न

रीवा ।



कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में रीवा एवं मऊगंज जिले के बाजार मूल्य निर्धारण हेतु 2026-27 के प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2025-26 में कुल 3945 लोकेशन थीं जो वर्ष 2026-27 में 3942 हो गई हैं, जिनमें शहरी क्षेत्र के 936 एवं ग्रामीण क्षेत्र के 3006 लोकेशन शामिल हैं। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में बताया गया कि उप जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार रीवा एवं मऊगंज जिले के नगरीय क्षेत्र में 409 लोकेशन में वृद्धि प्रस्तावित है। जबकि ग्रामीण क्षेत्र में 1528 लोकेशन में वृद्धि होगी। इस प्रकार जिले में वर्ष 2026-27 के लिए नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र की प्रस्तावित औसत वृद्धि 13.04 प्रतिशत है। उप जिला मूल्यांकन समिति द्वारा नगर निगम रीवा के 45 वार्डों की 374 लोकेशन में से 284 लोकेशन में कृषि भूमि दर प्रति हेक्टेयर एक करोड़ से अधिक होने के कारण तथा शेष 90 लोकेशन में दर प्रति हेक्टेयर एक करोड़ से कम होने के कारण कृषि भूमि की दर को न्यूनतम एक करोड़ प्रति हेक्टेयर रखा गया है। इन्हीं में से 24 लोकशनों में संपदा 2.0 के माध्यम से उपलब्ध कराए गए बिक्री छांट के आधार पर वृद्धि की जा रही है तथा शेष 66 लोकेशन में कृषि भूमि की दर को एक करोड़ रुपए न्यूनतम प्रति हेक्टेयर रखा गया है। बैठक में जानकारी दी गई कि रीवा निवेश क्षेत्र की संशोधित सीमाओं के भीतर 34 नवीन विशिष्ट ग्राम जोड़ने का प्रस्ताव रखा गया है। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2025-26 से अब तक कृषि भूमि की दर में 20 से 50 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। इसी प्रकार मऊगंज एवं नईगढ़ी की 91 लोकेशन, हनुमना की 67 लोकेशन, त्योंथर अन्तर्गत चाकघाट, त्योंथर व डभौरा की 181 लोकेशन एवं सिरमौर अन्तर्गत सेमरिया, मनगवां, सिरमौर एवं बैकुण्ठपुर की 164 लोकेशन में कृषि भूमि की सिंचित व असिंचित दर को एक समान किया गया है। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विभागों व आमजन से आए सुझावों का भी आकलन किया जाए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, डीएफओ लोकेश निरापुरे, सिरमौर विधायक प्रतिनिधि भूपेन्द्र सिंह, एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल, जिला पंजीयक संध्या सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।1

## एसडीएम ने गैस गोदाम व वितरण स्थल का किया निरीक्षण

रीवा ।



घरेलू गैस उपभोक्ताओं को नियमित रूप से बिना किसी व्यवधान के एलपीजी का वितरण कराने एवं कालाबाजारी और अफरातफरी रोकने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) ने गैस गोदामों व गैस वितरण स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने निर्देशित किया है कि घरेलू परिवारों को नियमित रूप से सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए एलपीजी वितरण में और भी उपाय शुरू किये गये हैं जिसमें पिछली डिलिवरी के 25 दिन बाद ही रिफिल बुकिंग स्वीकार की जा रही है। इसका पालन सुनिश्चित करायें। किसी भी तरह की कालाबाजारी न हो तथा कहीं भी गैस लेने के लिए भीड़ आदि की अप्रिय स्थिति न बनें। उन्होंने मॉनीटरिंग के लिए तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार, सहायक एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी व पुलिस थाना प्रभारियों को भी क्षेत्र स्थित गोदामों व वितरण स्थल की सतत निगरानी के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारियों ने गैस गोदाम व गैस कार्यालय एवं वितरण स्थल का निरीक्षण किया।

## गौवंश पर क्रूर हमला: टांगी से वार कर कई गायों को किया गंभीर घायल, दो आरोपी गिरफ्तार



रीवा।

जिले के अतरैला थाना क्षेत्र अंतर्गत कोटवा गांव में गौवंश पर क्रूरता की एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। अज्ञात नहीं बल्कि नामजद आरोपियों द्वारा धारदार हथियारों से गायों पर हमला किए जाने से इलाके में भारी आक्रोश फैल गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भुनगांव निवासी आयुष्मान सिंह बघेल ने अतरैला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 9 मार्च की सुबह लगभग 11 बजे अतरैला स्थित कंपनी के पास सड़क किनारे एक गाय गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ी मिली। गाय की पूंछ के पास किसी धारदार हथियार से कई गहरे वार किए गए थे, जिससे उसकी हालत अत्यंत नाजुक हो गई थी। शिकायत मिलने के बाद जब ग्रामीणों से पूछताछ की गई तो पता चला कि चार से पांच दिन पहले टेड़ी गांव निवासी रजौली साकेत और कोटवा गांव के गिरधारी कोल ने कई मवेशियों पर टांगी और अन्य धारदार हथियारों से हमला किया था। ग्रामीणों द्वारा आसपास तलाश करने पर करीब आधा दर्जन गायें गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिलीं, जिनके शरीर पर धारदार हथियारों के गहरे घाव पाए गए।घटना की सूचना मिलते ही अतरैला थाना प्रभारी विजय सिंह परिहार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुज प्रताप सिंह को मौके पर बुलाकर घायल गौवंश का उपचार कराया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायल गायों को बेहतर देखभाल के लिए ग्राम पंचायत कोनीकलां स्थित गौशाला भेज दिया गया है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठने लगी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम तथा मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 4/9 के तहत प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

### टेली लॉ का विशेष कैंप लगा कर ग्रामीणजनों को जागरूक किया गया

## पैपखार में अटल ई-सेवा केंद्र का शुभारंभ

मऊगंज




**जिले हनुमना जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पैपखार में सीएससी अटल ई-सेवा केंद्र का उद्घघाटन ग्राम पंचायत सरपंच संयोगिता पांडेय, जनपद सदस्य जय प्रकाश तिवारी, सीएससी राज्य इंस्यूरन्स प्रमुख रवि सिंह के द्वारा किया गया।**

अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत जिला प्रबंधक सीएससी रवि शंकर मिश्रा द्वारा किया गया। अटल ई-सेवा केंद्र कॉमन सर्विस सेंटर पर ग्राम वासियों को शासन द्वारा निर्धारित दरों पर शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी तथा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। अटल ई-सेवा केंद्र खोलने के लिए ग्राम पंचायत के भवन या ई पंचायत भवन में कक्ष उपलब्ध कराया जाएगा। ग्राम पंचायत के बिजली कनेक्शन से ही इन केंद्रों को चलाया जाएगा। इन केंद्रों के द्वारा कई योजनाओं का लाभ सीधा ग्रामीणों तक पहुंचाया जाएगा।

कार्यक्रम में राज्य कार्यालय से रवि सिंह एवं जिला प्रबंधक रविशंकर मिश्रा के द्वारा टेली लॉ के बारे में भी ग्रामीण जनों को बताया गया 1 टेली लॉ के माध्यम से नागरिकों को निशुल्क कानूनी सलाह प्राप्त हो सकेगी । सीएससी के माध्यम से दी जाने वाली सेवाऐं जैसे कि बैंकिंग, लोन बाज़ार, फार्मर आईडी पंजीयन, इंस्यूरन्स आदि सेवाओं के बारें में उपस्थित सीएससी संचालकों को जानकारी दी गयी । श्रम निरीक्षक अंकुर यादव एवं सुशील कुमार द्वारा प्रधानमंत्री योगी मानधन योजना के बारें में बताया गया 1 इस योजना के तहत 18 से 40 वर्ष के बीच असंगठित श्रमिकों के लिए तीन हजार रुपए की सुनिश्चित स्वैच्छिक और अंशदाई पेंशन योजना का लाभ भी अटल ई-सेवा केंद्र से चालू है। पंजीयन हेतु आधार कार्ड एवं बैंक खाता होना अनिवार्य है। इस अवसर पर अटल ई-सेवा संचालक सत्यम कुशवाहा, सचिव बृजवासी कोल, ग्राम रोजगार सहायक निखिल पांडेय, पीसीओ लोलर प्रसाद मिश्रा, बैंक प्रतिनिधि अतुल मिश्रा, सौभाग्य पांडेय सहित सैकड़ों ग्रामीण जन एवं सीएससी संचालक उपस्थित रहे।